मंगलवार
17 मार्च, 2026

# अपना नालन्दा

अपना शहर, अपना खबर

वर्ष 2, अंक 43 | नालंदा का नंबर - 1 डिजिटल अखबार
www.apnanalanda.com



जानकी शिशु महाविहार
शिशु स्तर से पंचम स्तर तक
विशेषताएं :-
- सी. सी. टी. वी. कैमरा की व्यवस्था
- स्मार्ट क्लास
- सभी रूट पर वाहन की व्यवस्था
- कंप्यूटर क्लास


## रेल बजट पर सांसद कौशलेंद्र कुमार ने दी बधाई, कई मांगें रखीं

संजय कुमार



बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा के सांसद कौशलेंद्र कुमार ने संसद में वर्ष 2026-27 के रेल बजट पर चर्चा के दौरान अब तक के सबसे बड़े रेल बजटीय प्रावधान के लिए प्रधानमंत्री, वित्त मंत्री और रेल मंत्री को बधाई दी। उन्होंने कहा कि आम बजट के साथ रेलवे के लिए करीब तीन लाख दो हजार करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है, जो पिछले वर्ष की तुलना में लगभग 8.4 प्रतिशत अधिक है।

सांसद ने कहा कि रेलवे देश की जीवनरेखा रही है, लेकिन कोरोना काल के बाद यात्री किराया बढ़ने और ट्रेनों की संख्या कम होने से लोगों को परेशानी हुई है। उन्होंने वरिष्ठ नागरिकों, पत्रकारों, दिव्यांगों और 55 वर्ष से अधिक आयु की महिलाओं को मिलने वाली किराया रियायत को फिर से बहाल करने की मांग की।

उन्होंने फतुहा-इसलामपुर-नटेसर रेलखंड के दोहरीकरण की भी मांग उठाई। उनका कहना था कि इस मार्ग पर मालगाड़ियों की संख्या अधिक होने के कारण यात्री ट्रेनों का संचालन प्रभावित होता है। इसके अलावा बख्तियारपुर-राजगीर-तिलैया रेल लाइन के दोहरीकरण, राजगीर-दनियावां-फतुहा रेलखंड के हाल्टों पर टिकट व्यवस्था, ओंदा और कैड़ी गांव में नए हाल्ट निर्माण तथा विभिन्न स्थानों पर रेलवे ओवरब्रिज और अंडरपास बनाने की मांग की।

सांसद ने बिहारशरीफ और राजगीर स्टेशनों पर यात्री सुविधाएं बढ़ाने, प्लेटफार्म ऊंचा करने, कोच डिस्प्ले बोर्ड लगाने और साफ-सफाई व पेयजल व्यवस्था सुधारने की भी आवश्यकता बताई।

उन्होंने कहा कि बिहार में रेलवे के विकास के लिए करीब 10,379 करोड़ रुपये का प्रावधान किया गया है और कई नई परियोजनाओं पर काम चल रहा है। इससे राज्य में रेल नेटवर्क मजबूत होगा और विकास को गति मिलेगी।

## नालंदा में डीएम ने समीक्षा बैठक कर अधिकारियों को दिए कड़े निर्देश




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। सोमवार को नालंदा समाहरणालय में जिलाधिकारी कुंदन कुमार की अध्यक्षता में जिला, अनुमंडल तथा प्रखंड स्तरीय तकनीकी और गैर तकनीकी पदाधिकारियों के साथ साप्ताहिक समन्वय समीक्षा बैठक आयोजित की गई। बैठक में आगामी पर्व-त्योहारों को लेकर विधि-व्यवस्था तथा प्रशासनिक तैयारियों की विस्तृत समीक्षा की गई।

जिलाधिकारी ने अधिकारियों को निर्देश देते हुए कहा कि ईद-उल-फितर, चिरागा मेला, रामनवमी, चैती छठ पूजा और महावीर जयंती के अवसर पर जिलेभर में सुरक्षा और विधि-व्यवस्था हर हाल में सुदृढ़ रखी जाए। पर्वों के दौरान भीड़ नियंत्रण, स्वच्छता, प्रकाश व्यवस्था, सीसीटीवी निगरानी और अन्य आधारभूत सुविधाएं सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। उन्होंने स्पष्ट कहा कि प्रतिनियुक्त दंडाधिकारी और पुलिस पदाधिकारी अपने-अपने स्थल पर उपस्थित रहकर जिम्मेदारी निभाएं, अनुपस्थित पाए जाने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी।

बैठक में बिहार सरकार की सात निश्चय-3 योजना के अंतर्गत 'सबका सम्मान-जीवन आसान' कार्यक्रम की भी समीक्षा की गई। जिलाधिकारी ने निर्देश दिया कि प्रत्येक सोमवार और शुक्रवार को सभी सरकारी कार्यालयों में अधिकारी उपस्थित रहकर आम लोगों की शिकायतें सुनें और उनका त्वरित समाधान करें।इसके अलावा एग्री स्टैक परियोजना के तहत फार्मर रजिस्ट्री, भूमि विवाद, म्यूटेशन, ई-मापी तथा परिमार्जन प्लस के मामलों में तेजी लाने का निर्देश दिया गया। सामाजिक सुरक्षा योजनाओं, राशन कार्ड निर्माण, नल-जल शिकायतों के समाधान, बाढ़ से पूर्व तटबंधों की मरम्मत तथा स्वास्थ्य सेवाओं की नियमित निगरानी सुनिश्चित करने को भी कहा गया।

बैठक में उप विकास आयुक्त, अपर समाहर्ता सहित जिला एवं प्रखंड स्तर के विभिन्न विभागों के पदाधिकारी वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से उपस्थित रहे।

## बिहारशरीफ नगर निगम की बैठक में 2026-27 का वार्षिक बजट प्रस्तुत



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहारशरीफ नगर निगम की सशक्त स्थायी समिति की बैठक सोमवार को नगर निगम कार्यालय में महापौर अनीता देवी की अध्यक्षता में आयोजित की गई। बैठक में उप महापौर आईशा शाहीन, नगर आयुक्त कुमार निशांत विवेक, सशक्त स्थायी समिति के सदस्य शम्स रजा, उप नगर आयुक्त सहित नगर निगम के सभी पदाधिकारी और कर्मचारी उपस्थित रहे।

बैठक के दौरान महापौर अनीता देवी ने सदस्यों के समक्ष बिहारशरीफ नगर निगम का वित्तीय वर्ष 2026-27 का वार्षिक बजट प्रस्तुत किया। सदस्यों ने बजट का अवलोकन करते हुए विभिन्न बिंदुओं पर चर्चा की और आवश्यक सुझाव भी दिए। प्रस्तुत बजट के अनुसार नगर निगम का प्रारंभिक शेष अनुमानित राशि 2,45,81,65,568 रुपये है, जबकि वित्तीय वर्ष 2026-27 के लिए अनुमानित आय 1,78,87,07,000 रुपये निर्धारित की गई है। इस प्रकार कुल अनुमानित आय 4,24,68,72,568 रुपये आंकी गई है। वहीं अनुमानित व्यय 2,06,87,45,000 रुपये प्रस्तावित है, जिसके बाद अंतिम शेष 2,17,81,27,568 रुपये रहने का अनुमान है।

बैठक में सदस्यों ने भेंडिंग जोन निर्माण के दौरान शौचालय, प्रकाश व्यवस्था, प्लेटफार्म तथा आवश्यकतानुसार शेड जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध कराने का निर्णय लिया। इसके साथ ही प्रकाश व्यवस्था, पेयजल आपूर्ति, उपकरणों की मरम्मत, सड़क एवं नाला की मरम्मत तथा उनके संचालन एवं रख-रखाव के लिए एजेंसी चयन हेतु अभिरुचि की अभिव्यक्ति प्रकाशित करने का भी निर्णय लिया गया।बैठक में यह भी तय किया गया कि प्रस्तुत बजट को आगामी नगर निगम बोर्ड की बैठक में पारित करने के लिए रखा जाएगा। अंत में धन्यवाद ज्ञापन के साथ बैठक की कार्रवाई समाप्त की गई।

## बिहारशरीफ में 17-18 मार्च को दो दिवसीय विशेष जॉब कैंप आयोजित

संजय कुमार


बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। बिहार सरकार के युवा, रोजगार एवं कौशल विकास विभाग के तत्वावधान में 17 और 18 मार्च 2026 को बिहारशरीफ स्थित संयुक्त श्रम भवन, जिला नियोजनालय नालंदा (ब्लॉक परिसर) में दो दिवसीय विशेष जॉब कैंप का आयोजन किया जाएगा। यह कैंप प्रतिदिन पूर्वाह्न 10 बजे से अपराह्न 2 बजे तक आयोजित होगा।

इस जॉब कैंप में विभिन्न निजी कंपनियां भाग लेंगी और योग्य अभ्यर्थियों का चयन करेंगी। भाग लेने वाली प्रमुख कंपनियों में मुन्नालाल महेशलाल आर्य एंड संस ज्वेलर्स, संचिता एंड नव्या इंटरप्राइजेज, प्रथम फाउंडेशन, स्वीगी, पटेल एग्रो, सांतामणी, फ्लिपकार्ट, इलीट नेचुरल प्राइवेट लिमिटेड तथा एलआईसी ऑफ इंडिया शामिल हैं।

कैंप में सेल्समैन, मैनेजर, कंप्यूटर ऑपरेटर, ड्राइवर, ट्रेनी, डिलीवरी एक्जीक्यूटिव, डाटा एंट्री ऑपरेटर, केमिस्ट, एकाउंटेंट, हेल्पर तथाबीमा सलाहकार जैसे विभिन्न पदों के लिए भर्ती की जाएगी। इन पदों के लिए अभ्यर्थियों की योग्यता 10वीं पास से लेकर स्नातक और स्नातकोत्तर तक निर्धारित की गई है। चयनित अभ्यर्थियों को 12 हजार रुपये से लेकर 45 हजार रुपये तक मासिक वेतन मिलने की संभावना है।जिला नियोजनालय ने स्पष्ट किया है कि जॉब कैंप में भाग लेने वाली सभी कंपनियां निजी क्षेत्र की हैं, इसलिए नियुक्ति की शर्तों और नियमों के लिए संबंधित कंपनियां ही जिम्मेदार होंगी। नियोजनालय केवल सुविधा प्रदाता की भूमिका निभाएगा।

जिला प्रशासन ने अधिक से अधिक बेरोजगार युवाओं से इस जॉब कैंप में भाग लेकर रोजगार के अवसर का लाभ उठाने की अपील की है।





SAI BODHIT PVT. LTD.
बिहारशरीफ़ की नई पहचान
SHRIEJAN HEIGHTS में अपना आशियाना।
SHRIEJAN
HEIGHTS
कल्पना एक सुंदर-समृद्ध भारत की।
LIFESTYLE OF THE WORLD
COMES TO BIHARSHARIF
चोरा बगीचा से केवल 2 मिनट की दुरी पर ..........
APPROVED
RERA
APPROVED
APPROVED
Project Registration Number
BRERAP192001011025250432E00
from ₹4251 TO
₹4551/*sq.ft
60%
Free Area
COMFORT, LUXURY
WELLNESS
Amenities:
. Swimming Pool
· Vastu Compliant Design
. Kids' Play Area
· Volleyball / Badminton Court
. Cricket net pitch
. Landscape & Roof Top Garden
. Temple in Premises
. Highly Secured Society (24x7 security & cctv surveillance)
· 100% Power Backup
. Ample Parking Space & Visitor Car Parking Facility
· EV Reserved Car Parking
Contact Us -
1800 5728 177 (TOLL FREE NUMBER)
9031605004
Site/Office -
सृजन कोल्ड स्टोरेज,
नालंदा टीचर ट्रेनिंग कॉलेज के सामने,
राजगीर रोड, बिहारशरीफ (4-लेन राष्ट्रीय राजमार्ग-82)
Contact us today to book your site visit!

# दोस्त को घर से बुलाकर हत्या मामले में पुलिस ने 12 घंटे में आरोपी को पकड़ा



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना क्षेत्र में दोस्त को घर से बुलाकर हत्या करने के मामले का पुलिस ने त्वरित उद्भेदन करते हुए महज 12 घंटे के भीतर आरोपी को गिरफ्तार कर लिया।

प्राप्त जानकारी के अनुसार, 15 मार्च 2026 की सुबह पुलिस को सूचना मिली कि मलहबिगहा गांव के दक्षिण केवई रोड के पूरब पईन के किनारे एक युवक का शव पड़ा हुआ है। सूचना मिलते ही पुलिस टीम तत्काल घटनास्थल पर पहुंची और वरीय अधिकारियों को भी इसकी जानकारी दी।

मौके पर पहुंचने के बाद पुलिस ने शव की पहचान दक्षिणी मलहबिगहा निवासी मो. फैजान, पिता मो. समीम उर्फ फेंकू मियां के रूप में की। प्रथम दृष्टया जांच में पाया गया कि युवक के साथ बुरी तरह मारपीट की गई थी, जिसके कारण उसकी मौत हो गई।

मृतक के परिजनों ने पुलिस को बताया कि शनिवार की शाम करीब आठ बजे उसका दोस्त मो. उद्दीन उसे घर से बुलाकर ले गया था। इसके बाद वह वापस घर नहीं लौटा। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया तथा घटनास्थल की जांच एफएसएल विशेषज्ञों से कराई गई।

वरीय अधिकारियों के निर्देश पर गठित पुलिस टीम ने त्वरित कार्रवाई करते हुए छापेमारी की और 12 घंटे के भीतर नामजद आरोपी मो. अजहर अंसारी उर्फ उद्दीन (19 वर्ष), पिता मो. महफूज आलम, निवासी दक्षिणी मलहबिगहा, थाना इस्लामपुर, जिला नालंदा को गिरफ्तार कर लिया।


पूछताछ में आरोपी ने बताया कि दोनों ने साथ में नशा किया था। इसी दौरान किसी बात को लेकर विवाद हुआ और हाथापाई में उसने फैजान की जमकर पिटाई कर दी, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। पुलिस आगे की कार्रवाई में जुटी है।




www.apnanalanda.com
अपना नालन्दा
अपना शहर, अपना खबर
नालन्दा का नंबर 1 अखबार

अपना नालन्दा में विज्ञापन देकर
अपने व्यवसाय को दे नई पहचान



# इस्लामपुर पुलिस ने एक वर्ष बाद नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद किया



अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। इस्लामपुर थाना पुलिस ने करीब एक वर्ष पूर्व अपहृत नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। इस मामले में पुलिस ने लगातार अनुसंधान करते हुए पूर्वी चंपारण जिले से लड़की को बरामद किया।

जानकारी के अनुसार, दिनांक 17 अप्रैल 2025 को रूपनचक गांव निवासी वादिनी ललिता देवी, पति स्वर्गीय रामप्रवेश चौहान ने इस्लामपुर थाना में लिखित आवेदन दिया था। आवेदन में उन्होंने बताया था कि उनकी नाबालिग पुत्री का 1 अप्रैल 2025 को शादी की नियत से गांव के ही बालवीर कुमार तथा उसके परिजनों द्वारा अपहरण कर लिया गया है। इस आवेदन के आधार पर इस्लामपुर थाना कांड संख्या 201/25 दर्ज कर पुलिस ने मामले की जांच शुरू की थी।अनुसंधान के दौरान वरीय पदाधिकारियों के निर्देश पर एक विशेष टीम गठित की गई।टीम ने लगातार प्रयास करते हुए करीब एक वर्ष बाद पूर्वी चंपारण जिले के सुगौली थाना क्षेत्र अंतर्गत ग्राम रौशनपुर सपहा से नाबालिग लड़की को सकुशल बरामद कर लिया।

बरामद नाबालिग ने पुलिस को बताया कि उसके घरवालों द्वारा जबरदस्ती शादी कराई जा रही थी, जो उसे स्वीकार नहीं था। इसी कारण वह घर से भाग गई थी। बाद में वह अपने परिजनों के पास चंपारण चली गई। इस दौरान कुछ लोगों ने उसे अनाथ समझकर अपने घर में आश्रय दिया और बाद में विधिवत उसकी शादी करा दी।नाबालिग लड़की की बरामदगी में इस्लामपुर थाना के थानाध्यक्ष पु०नि० अनिल कुमार पाण्डेय, पु०अ०नि० पूजा कुमारी तथा परि०पु०अ०नि० नीतिश कुमार की महत्वपूर्ण भूमिका रही। पुलिस की इस कार्रवाई की क्षेत्र में सराहना की जा रही है।

# हरनौत बाजार में किराना दुकान में भीषण आग, लाखों का सामान जलकर राख



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। स्थानीय बाजार के गोनावां रोड स्थित एक किराना दुकान में बीती मध्यरात्रि भीषण आग लगने से लाखों रुपये की संपत्ति जलकर राख हो गई। आग की लपटें इतनी तेज थीं कि दुकान में रखा चावल, दाल, आटा, मैदा, बेसन, खाद्य तेल, बालों में लगाने वाला तेल, ड्राई फ्रूट्स, साबुन, फेसवॉश, बिस्कुट, चायपत्ती, पैकेटबंद सामान, बही-खाता तथा काउंटर सहित अन्य सामग्री पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई।

घटना के संबंध में बताया जाता है कि पीड़ित दुकानदार सह जद(यू) नगर अध्यक्ष श्याम बालक साव रात में दुकान बंद कर अपने घर चले गए थे। देर रात करीब दो बजे आसपास के दुकानदारों ने उन्हें मोबाइल फोन कर दुकान में आग लगने की सूचना दी। सूचना मिलते ही वे मौके पर पहुंचे, तब तक आग तेजी से फैल चुकी थी।

आग की खबर मिलते ही आसपास के लोग मौके पर जुट गए और समरसेबल मोटर पंप चलाकर आग बुझाने का प्रयास करने लगे। साथ ही अग्निशमन विभाग को भी सूचना दी गई। सूचना मिलते ही हरनौत थाना पुलिस तथा अग्निशमन सेवा बिहारशरीफ सहित आसपास के क्षेत्रों से तीन दमकल गाड़ियां मौके पर पहुंचीं। दमकलकर्मियों ने करीब ढाई घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।


आग इतनी भीषण थी कि बंद दुकान से लपटें बाहर निकल रही थीं और पूरा मकान अत्यधिक गर्म हो गया था। दुकान के ऊपर स्थित पतंजलि स्टोर के संचालक रौशन कुमार ने बताया कि छत गर्म होने और धुआं भर जाने के कारण रात में ही सामान हटाना पड़ा। पीड़ित दुकानदार ने पुलिस-प्रशासन को आवेदन देकर मुआवजे की मांग की है।












# दिव्यांगजनों के बैटरी चालित तिपहिया साइकिल मरम्मत हेतु लगा विशेष शिविर




अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। जिला द्विव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग, नालंदा द्वारा सोमवार को दिव्यांगजनों के लिए विशेष निःशुल्क शिविर का आयोजन किया गया। यह शिविर छत्र योजना (सम्बल) के अंतर्गत वितरित बैटरी चालित तिपहिया साइकिलों की तकनीकी मरम्मत, खराब बैटरी और चार्जर बदलने के उद्देश्य से लगाया गया था।

यह शिविर वरीय उप समाहर्त्ता सह सहायक निदेशक, जिला द्विव्यांगजन सशक्तिकरण कोषांग नालंदा प्राची रिया के निर्देशन में आयोजित किया गया। शिविर में बिहारशरीफ प्रखंड, हरनौत, रहुई, नूरसराय तथा नगर निगम बिहारशरीफ क्षेत्र के दिव्यांगजन लाभुकों को आमंत्रित किया गया था, ताकि उनकी तिपहिया साइकिल से संबंधित तकनीकी समस्याओं का समाधान किया जा सके।शिविर में कुल 17 दिव्यांगजन लाभुक उपस्थित हुए। इनमें से 11 लाभुकों की बैटरी चालित तिपहिया साइकिल की तकनीकी खराबी का मौके पर ही मरम्मत कर दी गई। तकनीकी विशेषज्ञों द्वारा साइकिल की जांच कर आवश्यक सुधार किए गए, जिससे लाभुकों को काफी राहत मिली।

वहीं 6 लाभुकों की साइकिल की गारंटी अवधि समाप्त हो चुकी थी। ऐसे लाभुकों को विभागीय दिशा-निर्देशों के अनुसार निर्धारित दर पर मरम्मत कराने की जानकारी दी गई। अधिकारियों ने बताया कि इस तरह के शिविरों का मुख्य उद्देश्य दिव्यांगजनों को उनकी आवश्यक सुविधाएं उपलब्ध कराना तथा उनकी दैनिक जीवन की गतिविधियों को सुगम बनाना है।

शिविर में उपस्थित लाभुकों ने इस पहल की सराहना करते हुए जिला प्रशासन के प्रति आभार व्यक्त किया। अधिकारियों ने आश्वासन दिया कि भविष्य में भी इस प्रकार के शिविर आयोजित कर दिव्यांगजनों की समस्याओं का समाधान किया जाएगा।






# हिलसा के कैरियर पब्लिक स्कूल में विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला संपन्न



हिलसा (अपना नालंदा)। शहर के बस स्टैंड स्थित कैरियर पब्लिक स्कूल परिसर में आयोजित तीन दिवसीय विज्ञान प्रदर्शनी सह बाल मेला का समापन पाक कला प्रतियोगिता के साथ संपन्न हो गया। समापन समारोह में समाजसेवी सह जिला आइकॉन डॉ. आशुतोष कुमार मानव मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे।इस अवसर पर डॉ. आशुतोष कुमार मानव ने कहा कि पढ़ाई-लिखाई के साथ-साथ जब बच्चे अन्य गतिविधियों में भी सक्रिय रूप से भाग लेते हैं तो उनके मस्तिष्क का सर्वांगीण विकास होता है। ऐसे बच्चे न केवल पढ़ाई में मेधावी बनते हैं, बल्कि अपनी कार्यशैली और प्रतिभा से समाज में भी अलग पहचान बनाते हैं। उन्होंने कहा कि विद्यालयों में इस प्रकार के कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, जिससे बच्चों में प्रतियोगिता की भावना विकसित होती है और उनकी छिपी प्रतिभा को निखरने का अवसर मिलता है।

कार्यक्रम के दौरान बाल वैज्ञानिकों द्वारा तैयार किए गए विभिन्न वैज्ञानिक मॉडलों और प्रोजेक्ट की सराहना की गई। अतिथियों ने कहा कि विद्यार्थियों द्वारा प्रस्तुत प्रोजेक्ट काफी रचनात्मक और ज्ञानवर्धक थे। साथ ही पाक कला प्रतियोगिता में भाग लेने वाले छात्र-छात्राओं का भी उत्साहवर्धन किया गया।

विद्यालय प्रबंधन के मृत्युंजय कुमार और रजनीकांत ने बताया कि विद्यालय में पढ़ाई के साथ-साथ बच्चों को अन्य रचनात्मक गतिविधियों में भी भाग लेने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। जो छात्र इन गतिविधियों में बेहतर प्रदर्शन करते हैं, उन्हें विद्यालय की ओर से विशेष रूप से सम्मानित भी किया जाता है।

इस अवसर पर निजी विद्यालय संघ के प्रवक्ता संतोष कुमार पार्थ सहित शिक्षक, अभिभावक और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# गया में राष्ट्रीय सम्मान से सम्मानित हुई नालंदा ब्लड ग्रुप टीम



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। गया में आयोजित "रक्तदान महादान नेशनल अवार्ड सेरेमनी 2026" में नालंदा ब्लड ग्रुप टीम को राष्ट्रीय स्तर पर सम्मानित किया गया। यह सम्मान भारत सरकार के पूर्व स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण राज्य मंत्री अश्विनी चौबे तथा महान क्रांतिकारी चंद्रशेखर आजाद के प्रपौत्र अमित आजाद तिवारी के हाथों प्रदान किया गया।

इस अवसर पर नालंदा ब्लड ग्रुप टीम के सदस्यों ने कहा कि यह सम्मान केवल किसी एक व्यक्ति की उपलब्धि नहीं है, बल्कि पूरी टीम और उन सभी रक्तदाताओं का सम्मान है जो निस्वार्थ भाव से रक्तदान कर मानवता की सेवा में लगे हुए हैं। टीम के सदस्यों ने बताया कि पिछले छह वर्षों से संस्था लगातार रक्तदानअभियान चला रही है और जरूरतमंदमरीजों को समय पर रक्त उपलब्ध कराने का कार्य कर रही है। संस्था द्वारा बिहार के विभिन्न क्षेत्रों में कई रक्तदान शिविरों का आयोजन किया गया है, जिससे सैकड़ों जरूरतमंद मरीजों को समय पर रक्त मिल सका और कई लोगों की जान बचाई जा सकी। संस्था चिकित्सा सहायता और सामाजिक सेवा के क्षेत्र में भी सक्रिय रूप से कार्य कर रही है।

टीम के सदस्यों ने इस सम्मान के लिए शहीद भगत सिंह यूथ ब्रिगेड, गया तथा इसके संस्थापक सोनी कुमार वर्मा का आभार व्यक्त किया, जिन्होंने संस्था के कार्यों को सराहा और उन्हें इस सम्मान के योग्य समझा।

नालंदा ब्लड ग्रुप टीम ने कहा कि यह सम्मान उन्हें और अधिक प्रेरणा देगा। आने वाले समय में वे रक्तदान के इस पुनीत अभियान को और मजबूत करते हुए जरूरतमंद लोगों की सेवा के लिए निरंतर कार्य करते रहेंगे।






# राज्य स्तरीय रग्बी चैंपियनशिप में नालंदा की महिला टीम बनी विजेता, पुरुष टीम उपविजेता




संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के तत्वावधान में नवादा में 14 और 15 मार्च 2026 को 12वीं राज्य स्तरीय सीनियर महिला एवं पुरुष रग्बी चैंपियनशिप 2026 का सफल आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में बिहार के विभिन्न जिलों की महिला और पुरुष टीमों ने भाग लिया और खिलाड़ियों ने अपने उत्कृष्ट खेल प्रदर्शन से प्रतियोगिता को बेहद रोमांचक बना दिया।

इस प्रतियोगिता में नालंदा जिले की महिला टीम ने शानदार प्रदर्शन करते हुए खिताब अपने नाम किया और विजेता बनने का गौरव प्राप्त किया। वहीं नालंदा जिले की पुरुष टीम ने भी बेहतरीन खेल का प्रदर्शन करते हुए उपविजेता स्थान हासिल किया। खिलाड़ियों के शानदार प्रदर्शन से नालंदा जिले का नाम एक बार फिर राज्य स्तर पर गौरवान्वित हुआ है।

प्रतियोगिता के समापन समारोह में सभी विजेता एवं उपविजेता खिलाड़ियों को पदक और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया गया। इस अवसर पर रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन के महासचिव रेंसी राकेश राज मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। उन्होंने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि नालंदा जिले के खिलाड़ी लगातार राज्य और राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में बेहतर प्रदर्शन कर जिले का नाम रोशन कर रहे हैं। उन्होंने उम्मीद जताई कि भविष्य में भी नालंदा के खिलाड़ी इसी तरह उत्कृष्ट प्रदर्शन कर नई उपलब्धियां हासिल करेंगे।

नालंदा की विजेता महिला टीम में चुंचुन कुमारी (कप्तान), निकिता कुमारी (उपकप्तान), रेशम कुमारी, कोमल कुमारी, खुशी कुमारी, प्रिया कुमारी, अर्चना कुमारी, मुस्कान राज, चांदनी कुमारी, धर्मशीला कुमारी, प्रियंका कुमारी तथा स्वेता शाही शामिल थीं। इन खिलाड़ियों ने पूरे टूर्नामेंट में शानदार तालमेल और दमदार खेल का प्रदर्शन करते हुए टीम को विजेता बनाया।

वहीं नालंदा की पुरुष टीम में शेखर कुमार (कप्तान), बजरंगी कुमार (उपकप्तान), रितेश रंजन, राजू कुमार, राजन कुमार, प्रिंस कुमार, गोलू कुमार, आकाश कुमार आर्य, सुधांशु कुमार, नंदन कुमार, विक्रम कुमार तथा प्रमानंद कुमार शामिल थे। इन खिलाड़ियों ने भी पूरे प्रतियोगिता में शानदार खेल दिखाते हुए उपविजेता स्थान हासिल किया।

नालंदा जिले के खिलाड़ियों की इस उपलब्धि पर वरीय उप समाहर्ता सह जिला खेल प्राधिकारी नालंदा आलोक चंद चौधरी, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ बिहार के महासचिव पंकज ज्योति, रग्बी फुटबॉल एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष मुन्नालाल, महासचिव रेंसी राकेश राज, नालंदा कॉलेज की प्राचार्य डॉ. प्रो. सुनीता सिन्हा, जिला कला संस्कृति पदाधिकारी शालिनी प्रकाश, पेंचक सिलाट एसोसिएशन ऑफ नालंदा के अध्यक्ष डॉ. रवि चंद कुमार, संयुक्त सचिव अभिषेक कुमार, दिव्या भारती, रग्बी प्रशिक्षक अनिरुद्ध कुमार, नालंदा कॉलेज खेल विभाग के दिलीप पटेल, ऋषिकेश कुमार, जिले के वरीय शारीरिक शिक्षक सुबोध कुमार, खेल कार्यालय के लिपिक सुशांत कुमार, शारीरिक शिक्षक विपिन कुमार, सूरज कुमार सहित कई गणमान्य लोगों ने खिलाड़ियों को बधाई दी और उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की।




# संसद परिसर में चाय पार्टी लोकतांत्रिक गरिमा के विरुद्ध:- भाजपा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। भारतीय जनता पार्टी के नालंदा जिलाध्यक्ष राजेश कुमार ने सोमवार को एक प्रेस विज्ञप्ति जारी कर संसद परिसर में विपक्षी दलों द्वारा आयोजित तथाकथित 'चाय पार्टी' पर कड़ी आपत्ति जताई है। उन्होंने कहा कि 12 मार्च 2026 को बजट सत्र के दौरान संसद भवन के मकर द्वार के बाहर कांग्रेस सांसद राहुल गांधी तथा कांग्रेस और अन्य विपक्षी दलों के लगभग 20 सांसदों द्वारा चाय-बिस्कुट के साथ कार्यक्रम आयोजित करना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण और आपत्तिजनक है।

उन्होंने कहा कि संसद देश की सर्वोच्च लोकतांत्रिक संस्था है और उसकी गरिमा एवं मर्यादा बनाए रखना हर जनप्रतिनिधि का कर्तव्य है। लेकिन इस घटना से ऐसा प्रतीत होता है कि संसद परिसर को एक तरह से 'पार्लियामेंट पिकनिक स्पॉट' बनाने का प्रयास किया गया है, जो पूरी तरह अनुचित है।

राजेश कुमार ने कहा कि लोकसभा अध्यक्ष द्वारा मकर द्वार पर किसी भी प्रकार के धरना-प्रदर्शन या गतिविधि पर स्पष्ट रोक लगाई गई है। इसके बावजूद विपक्षी सांसदों द्वारा वहां बैठकर विरोध प्रदर्शन करना संसदीय नियमों और अध्यक्ष के निर्देशों की खुली अवहेलना है।उन्होंने यह भी कहा कि इस दौरान देश में रसोई गैस की कथित कमी को लेकर भ्रामक प्रचार किया गया, जबकि प्रधानमंत्री



नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार देश के प्रत्येक नागरिक तक ऊर्जा सुविधाएं पहुंचाने के लिए लगातार कार्य कर रही है।

भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि लोकतांत्रिक संस्थाओं की गरिमा की रक्षा करना सभी की सामूहिक जिम्मेदारी है। भाजपा सोशल मीडिया, प्रिंट मीडिया और अन्य माध्यमों से विपक्ष की इस राजनीति को जनता के सामने लाएगी और उनसे देश की जनता से माफी मांगने की मांग करेगी।

# नैली गांव में बंद घर का ताला तोड़ 35 लाख के जेवर-नकदी चोरी

चंडी (अपना नालंदा)। प्रखंड क्षेत्र के नैली गांव में अज्ञात चोरों ने बंद घर को निशाना बनाते हुए लाखों रुपये की चोरी की घटना को अंजाम दिया। चोरों ने घर का ताला तोड़कर करीब 35 लाख रुपये के जेवरात और नकदी पर हाथ साफ कर दिया। घटना के बाद इलाके में हड़कंप मच गया और ग्रामीणों में दहशत का माहौल है।

पीड़ित सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि वे किसी काम से घर से बाहर गए हुए थे। इसी दौरान अज्ञात चोरों ने बंद घर का फायदा उठाकर चोरी की वारदात को अंजाम दिया। जब वे वापस लौटे तो घर का ताला टूटा हुआ मिला और अंदर का सामान बिखरा पड़ा था। चोरों ने घर में रखी दो अलमारी, दो सूटकेस और एक बक्से को तोड़कर कीमती सामान निकाल लिया।

पीड़ित के अनुसार चोर करीब 20 भर सोना और दो लाख रुपये नकद सहित कई महंगे जेवरात चोरी कर ले गए। चोरी हुए जेवरों में तीन चेन, दो हार, पांच अंगूठी, दो जोड़ी बाली, चार नथिया, छह जोड़ी पायल, दस बिछिया और एक कमरधनी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि इनमें से अधिकांश जेवर उनकी बहन की शादी के समय मिले थे, जिन्हें घर में सुरक्षित रखा गया था।

घटना की सूचना मिलते ही आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। ग्रामीणों ने इस घटना पर चिंता जताते हुए पुलिस से जल्द कार्रवाई की मांग की है। पीड़ित ने चंडी थाना में आवेदन देकर अज्ञात चोरों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है और चोरों की पहचान के लिए आसपास के लोगों से पूछताछ कर रही है।

## दहेज विवाद में समधी के साथ मारपीट, चार पर दर्ज हुई प्राथमिकी

थरथरी (अपना नालंदा)। थाना क्षेत्र के छोटकी डीहा गांव निवासी ललन प्रसाद ने दहेज विवाद को लेकर अपने समधी सहित चार लोगों के खिलाफ थरथरी थाना में नामजद प्राथमिकी दर्ज कराई है।प्राप्त जानकारी के अनुसार ललन प्रसाद ने अपनी पुत्री की शादी लगभग तीन वर्ष पूर्व हिंदू रीति-रिवाज के साथ पेंदापुर गांव निवासी रविन्द्र यादव के पुत्र विक्की कुमार से धूमधाम से की थी। आरोप है कि शादी के कुछ समय बाद से ही उनकी पुत्री को ससुराल पक्ष द्वारा प्रताड़ित किया जाने लगा।बताया जाता है कि लगातार हो रही प्रताड़ना से परेशान होकर ललन प्रसाद ने अपनी पुत्री की शादी में दिए गए उपहार और सामान वापस करने की मांग की। इसी बात को लेकर दोनों पक्षों के बीच विवाद उत्पन्न हो गया। आरोप है कि विवाद के दौरान लड़के के पिता रविन्द्र यादव ने ललन प्रसाद के साथ मारपीट कर उन्हें घायल कर दिया।

घटना के बाद घायल ललन प्रसाद थरथरी थाना पहुंचे और चार लोगों के खिलाफ लिखित आवेदन देकर प्राथमिकी दर्ज कराई।

इस संबंध में थानाध्यक्ष साजिद अख्तर ने बताया कि रविन्द्र यादव, विक्की कुमार, विक्कू कुमार और सुनील पासवान के विरुद्ध मामला दर्ज कर लिया गया है। पुलिस मामले की जांच में जुट गई है।

# इस्लामपुर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन, अमन-चैन और भाईचारे की मांगी दुआ



मोहम्मद जियाउद्दीन

इस्लामपुर (अपना नालंदा)। रमजान के पवित्र महीने के अवसर पर इस्लामपुर में दावत-ए-इफ्तार का आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में रोजेदारों ने भाग लिया और देश-दुनिया में अमन-चैन तथा भाईचारे के लिए दुआ की।

अंजुमन फलाहुल मुसलमीन कमिटी मालिकसराय की ओर से आयोजित दावत-ए-इफ्तार में अत्तासाराय, मलहबिगहा, सत्यरगंज, न्यू मलहबिगहा, बुरहान नगर, खानकाह, चकसादिक, तकिया कला सहित दर्जनों मोहल्लों के रोजेदार बड़ी संख्या में शामिल हुए। इस दौरान मालिकसराय मस्जिद के इमाम ने सभी के रोजे, नमाज और तरावीह की इबादत कबूल होने की दुआ करते हुए दुनिया में शांति और देश में आपसी भाईचारा कायम रहने की कामना की।

इसी क्रम में इस्लामपुर प्रखंड कांग्रेस कार्यालय में भी कांग्रेस के पूर्व विधानसभा प्रत्याशी विवेक कुमार सिन्हा द्वारा दावत-ए-इफ्तार पार्टी का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में काफी संख्या में रोजेदार शामिल हुए। नमाज अदा करने के बाद रोजेदारों ने खजूर, फल, पकौड़ी, शरबत सहित विभिन्न व्यंजनों के साथ रोजा खोला।

इस मौके पर विवेक कुमार सिन्हा ने सभी रोजेदारों को रमजान की मुबारकबाद देते हुए कहा कि रमजान का महीना पाक और बरकतों का महीना है। इस महीने में की गई दुआएं कबूल होती हैं और लोगों के बीच प्रेम, भाईचारा तथा सौहार्द बढ़ता है।

कार्यक्रम में प्रखंड अध्यक्ष सुरेंद्र सिंह, अधिवक्ता किशोर कुमार, शिशुपाल यादव, सियाराम प्रसाद सिंह, मिथिलेश प्रसाद, मो. शमीम आलम, मो. असलम, शाहनवाज आलम, सलीम शहजादा, देवेंद्र प्रसाद, भगवान प्रसाद उर्फ कवि अलबेला सहित कई लोग उपस्थित




# नालंदा खुला विश्वविद्यालय के प्रोफेसर एम.पी. त्रिवेदी के निधन पर शोक सभा

संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। नालंदा खुला विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग के समन्वयक प्रोफेसर एम.पी. त्रिवेदी का शनिवार 15 मार्च 2026 की सुबह हृदय गति रुकने से आकस्मिक निधन हो गया। उनके निधन की खबर से विश्वविद्यालय परिसर सहित पूरे शैक्षणिक जगत में शोक की लहर दौड़ गई। उनके असामयिक निधन से शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों में गहरा दुख व्याप्त है।

प्रोफेसर एम.पी. त्रिवेदी एक प्रख्यात शिक्षाविद, मिलनसार व्यक्तित्व और बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे। उन्होंने अपने लंबे शिक्षण जीवन में अनेक विद्यार्थियों का मार्गदर्शन किया और उन्हें नई दिशा दी। उनके सरल स्वभाव, विद्वता और समर्पण के कारण वे विश्वविद्यालय परिवार में अत्यंत सम्मानित थे।

उनकी स्मृति में सोमवार 16 मार्च 2026 को नालंदा खुला विश्वविद्यालय के वनस्पति विज्ञान विभाग में शोक सभा का आयोजन किया गया। शोक सभा में विभाग के शिक्षकों, कर्मियों और विद्यार्थियों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। इस अवसर पर सभी उपस्थित लोगों नेदिवंगत आत्मा की शांति के लिए एक मिनट का मौन रखकर श्रद्धांजलि अर्पित की।



सभा में वनस्पति विज्ञान विभाग के समन्वयक डॉ. श्याम नंदन प्रसाद, काउंसलर डॉ. कौशलेंद्र कुमार, काउंसलर डॉ. शमीम अहमद, डॉ. उपेंद्र कुमार तथा श्री पवन कुमार सहित अन्य शिक्षकों, कर्मचारियों और विद्यार्थियों ने प्रोफेसर त्रिवेदी के व्यक्तित्व और कृतित्व को याद करते हुए भावभीनी श्रद्धांजलि दी।

वक्ताओं ने कहा कि प्रोफेसर त्रिवेदी का योगदान सदैव स्मरणीय रहेगा और उनका निधन शिक्षा जगत के लिए अपूरणीय क्षति है। सभा के अंत में दिवंगत आत्मा की शांति और उनके परिजनों को धैर्य प्रदान करने की प्रार्थना की गई।

# हरनौत नगर पंचायत में धूप में खड़े होकर आवेदन देने को मजबूर हो रहे हैं लोग



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। हरनौत नगर पंचायत कार्यालय में आरटीपीएस काउंटर पर काम से आने वाले लोगों को बुनियादी सुविधाओं के अभाव का सामना करना पड़ रहा है। यहां आवेदन देने पहुंचे लोगों के लिए न तो बैठने की व्यवस्था है और न ही धूप से बचने के लिए छांव की कोई व्यवस्था की गई है।सोमवार को नगर पंचायत कार्यालय में आवास से संबंधित आवेदन जमा करने पहुंचे करीब दर्जन भर लोग तेज धूप में खड़े दिखाई दिए। तापमान लगभग 30 से 35 डिग्री सेल्सियस होने के कारण लोगों को काफी परेशानी का सामना करना पड़ा। आवेदक खुले आसमान के नीचे घंटों खड़े होकर अपनी बारी का इंतजार करने को मजबूर दिखे।

स्थानीय लोगों का कहना है कि जहां एक ओर कार्यालय के कर्मचारी और अधिकारी कमरे में 15 से 20 डिग्री सेल्सियस तापमान में एसी चलाकर काम करते हैं, वहीं आम जनता के लिए छांव और बैठने की व्यवस्था तक नहीं की गई है। इससे लोगों में नाराजगी भी देखी जा रही है।इस संबंध में नगर पंचायत के आवास सहायक राहुल कुमार ने बताया कि सोमवार को कई लोग आवास से संबंधित काम लेकर आरटीपीएस काउंटर पर पहुंचे थे। उन्होंने कहा कि लोगों के लिए छांव और अन्य सुविधाओं की व्यवस्था कराना कार्यपालक पदाधिकारी का निर्णय होता है।लोगों ने नगर पंचायत प्रशासन से मांग की है कि कार्यालय परिसर में आने वाले आवेदकों के लिए जल्द से जल्द छांव और बैठने की उचित व्यवस्था की जाए, ताकि उन्हें धूप में खड़े होकर परेशानी न झेलनी पड़े।



# नालंदा में कृषि यंत्रीकरण सह किसान मेला का डीएम ने किया उद्घाटन



संजय कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। श्रम कल्याण मैदान में सोमवार को दो दिवसीय जिला कृषि यंत्रीकरण सह किसान मेला 2025-26 का उद्घाटन जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने दीप प्रज्वलित कर किया। मेले में कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को आधुनिक कृषि यंत्रों, उन्नत बीजों और नई तकनीकों की जानकारी दी।

इस अवसर पर जिलाधिकारी कुंदन कुमार ने किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक और यंत्रीकरण अपनाने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि कृषि यंत्रों के उपयोग से खेती की लागत कम होती है और उत्पादन बढ़ता है, जिससे किसानों की आय में वृद्धि होती है। उन्होंने किसानों को मिट्टी की जांच कराने, हाई वैल्यू क्रॉप की खेती बढ़ाने, मक्को की खेती को प्रोत्साहन देने तथा फूड प्रोसेसिंग पर विशेष ध्यान देने की सलाह दी। साथ ही नूरसराय को कृषि अभियंत्रण हब बनाने और रेड लेडी पपीता व जी-9 केला की खेती को बढ़ावा देने पर जोर दिया।

उप विकास आयुक्त ने भी किसानों को मोटे अनाज जैसे ज्वार, बाजरा, मड़ुआ और रागी केउत्पादन को बढ़ाने तथा कृषि विभाग की योजनाओं को गांव-गांव तक पहुंचाने की सलाह दी।

जिला कृषि पदाधिकारी ने बताया कि यह मेला किसानों को आधुनिक कृषि तकनीक, उन्नत यंत्रों और नई कृषि पद्धतियों से जोड़ने का महत्वपूर्ण मंच है। मेले में ट्रैक्टर, पावर टिलर, रीपर, हैप्पी सीडर, जीरो टिलेज मशीन, ड्रोन तकनीक समेत कई आधुनिक उपकरणों का प्रदर्शन किया गया।

उन्होंने बताया कि जिले में विभिन्न योजनाओं के तहत किसानों को अनुदानित बीज वितरण, जैविक खेती, प्राकृतिक खेती और प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि जैसी योजनाओं का लाभ दिया जा रहा है।

कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त, प्रशिक्षु सहायक समाहर्ता, विभिन्न कृषि वैज्ञानिक, जिला कृषि पदाधिकारी सहित कई जिला स्तरीय पदाधिकारी और बड़ी संख्या में किसान उपस्थित रहे।

# बराह पंचायत सरकार भवन में स्वच्छता कर्मियों को मिला कचरा प्रबंधन का प्रशिक्षण



हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। प्रखंड के बराह गांव स्थित पंचायत सरकार भवन परिसर में लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान के तहत स्वच्छता कर्मियों के लिए प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस प्रशिक्षण में बराह और कोलावां पंचायत में कार्यरत स्वच्छता कर्मियों को कचरा प्रबंधन से संबंधित महत्वपूर्ण जानकारी दी गई।

लोहिया स्वच्छ बिहार अभियान की बीसी प्रियदर्शिनी कुमारी ने बताया कि हरनौत प्रखंड में कुल 16 पंचायतें हैं। इनमें सरथा, चेरो, डिहरी, बसनियावां और कोलावां पंचायत में अभी तक वेस्ट प्रोसेसिंग यूनिट (डब्ल्यूपीयू) का निर्माण नहीं हो सका है। फिलहाल कोलावां पंचायत को बराह पंचायत के डब्ल्यूपीयू से जोड़ दिया गया है। प्रखंड कार्यालय के निर्देश पर स्वच्छता कर्मियों को डब्ल्यूपीयू संचालन और कचरा प्रबंधन के संबंध में प्रशिक्षण दिया गया।

प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को बताया गया कि गांव और टोले में घर-घर कचरा संग्रह के दौरान गीले और सूखे कचरे को अलग-अलग एकत्रित करना जरूरी है। इससे डब्ल्यूपीयू में खाद (कम्पोस्ट) बनाने में आसानी होती है। उन्होंने बताया कि गोनावां और नेहुसा समेत कई डब्ल्यूपीयू केंद्रों पर कम्पोस्ट खाद तैयार की जा रही है, जिसकी बिक्री दस रुपये प्रति किलो के हिसाब से की जाती है।

उन्होंने बताया कि सरथा पंचायत में इसी सप्ताह से स्वच्छता अभियान फिर से शुरू किया जाएगा।

यहां डब्ल्यूपीयू नहीं होने के कारण इसे मुढ़ारी पंचायत से जोड़ा जाएगा। अभियान को सुचारु रूप से चलाने के लिए ई-रिक्शा और ठेला की खरीद भी की जा रही है। पंचायत में ठेला चालक, स्वच्छता कर्मी और स्वच्छता पर्यवेक्षकों की तैनाती कर उन्हें प्रशिक्षण दिया जाएगा।

मौके पर मुखिया प्रतिनिधि रविशंकर कुमार, स्वच्छता पर्यवेक्षक रतन कुमार, विकास कुमार, गीता देवी, नंदु, रामचंद्र और अनिल सहित कई स्वच्छता कर्मी उपस्थित थे।

# मारपीट कर पेटीएम से पैसे ट्रांसफर कराने वाला आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा

अखिलेंद्र कुमार

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)। पावापुरी थाना पुलिस ने मारपीट कर मोबाइल के माध्यम से पैसे ट्रांसफर कराने के मामले में लंबे समय से फरार चल रहे मुख्य आरोपी ललन कुमार उर्फ लल्लु यादव उर्फ एलजीआर को गिरफ्तार कर लिया है। आरोपी को गिरियक थाना क्षेत्र के घोड़ा कटोरा गांव से छापेमारी कर पकड़ा गया।

पुलिस के अनुसार 23 नवंबर 2019 को पावापुरी थाना क्षेत्र के दशरथपुर गांव निवासी जितेंद्र प्रसाद के पुत्र प्रभाकर कुमार उर्फ चीकू को आरोपी ललन अपने साथी राहुल कुमार और अन्य सहयोगियों के साथ कांग्रेस हाई स्कूल के पास से मोटरसाइकिल पर बैठाकर ले गया था। इसके बाद उसे पावापुरी मोड़ होते हुए गिरियक-राजगीर पुल के दक्षिण बघोलवा पहाड़ की ओर ले जाकर गाली-गलौज करते हुए मारपीट की गई और जान से मारने की धमकी दी गई। आरोपियों ने डराकर पीड़ित के मोबाइल के पेटीएम से 46 हजार रुपये ट्रांसफर करवा लिए थे। इस मामले में गिरियक (पावापुरी) थाना कांड संख्या 402/2019 दर्ज किया गया था।

16 मार्च 2026 को पावापुरी थानाध्यक्ष को गुप्त सूचना मिली कि आरोपी घोड़ा कटोरा गांव में छिपकर रह रहा है। इसके बाद थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित कर छापेमारी की गई, जिसमें आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया।

गिरफ्तार आरोपी ललन कुमार उर्फ लल्लु यादव (25 वर्ष), पिता कृष्णा यादव, निवासी घोड़ा कटोरा वार्ड संख्या 10, थाना गिरियक, जिला नालंदा है। पूछताछ के दौरान आरोपी ने घटना में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है। उसे न्यायालय में प्रस्तुत करने के बाद न्यायिक हिरासत में भेज दिया गया। आरोपी पूर्व में भी कई आपराधिक मामलों में जेल जा चुका है।

छापेमारी टीम में थानाध्यक्ष गौरव कुमार सिंह, सहायक अवर निरीक्षक अंजन कुमार राय, प्रमोद कुमार सिंह तथा पीटीसी अमित कुमार सहित पावापुरी थाना के सशस्त्र बल शामिल थे।

# मगध जोन के दूसरे मैच मे नालंदा ने नवादा को 19 रन से हराया




विजय प्रकाश उर्फ पिंटू

बिहारशरीफ (अपना नालंदा)।सोमवार को नालंदा जिला क्रिकेट संघ की मेजबानी मे बिहार क्रिकेट संघ के घरेलु सत्र 2025-26 बीसीए मेंस अंडर 23 वनडे ट्रॉफी मगध जोन का दूसरा मैच नवादा बनाम नालंदा के बीच खेला गया ।

नालंदा ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 48.3 ओवर में 10 विकेट के नुकसान पर 256 रन बनाये जिसमे दिव्यांश ने 55 रन, हर्षित ने 39 रन , ए एस गौरव ने 36 रन, कुश ने 32 रन, आदित्य ने 28 रन तथा लव ने 19 रन का योगदान दिया। नवादा की ओर से गेंदबाज सुमन ने 43 रन पे 5 विकेट, अर्णव ने 49 पर 2 और योगेश ने 2 विकेट अपने नाम किया।

जवाब मे खेलने उतरी नवादा की पूरी टीम 45.4 ओवर 237 रन ही बना सकी। नवादा की ओर से बल्लेबाजी करते हुए दीपक ने 55 रन अनुराग ने 45 रन, हर्ष ने 38, सुभास 24 रन, सुमन ने 15 रन तथा अर्णव ने 12 रन का योगदान दिया । नालंदा की ओर से गेंदबाज़ आदर्श ने 43 रन देकर 3 विकेट लिए, शशि ने 63 रन पे 2 विकेट, दीपक ने 18 रन पे 2 विकेट, हर्षित ने 50 रन पे 2 तथा गौरव ने 33 रन पे 2 विकेट अपने नाम किया।

## चेरो बाजार जाते समय 15 वर्षीय किशोरी लापता, बहला-फुसलाकर ले जाने का केस दर्ज

हरिओम कुमार

हरनौत (अपना नालंदा)। चेरो ओपी क्षेत्र के खरुआरा गांव की 15 वर्षीय किशोरी चेरो बाजार जाने के दौरान लापता हो गई। इस घटना को लेकर परिजनों ने बहला-फुसलाकर ले जाने का आरोप लगाते हुए थाने में मामला दर्ज कराया है।प्राप्त जानकारी के अनुसार किशोरी 11 मार्च को अपने घर से चेरो बाजार जाने के लिए निकली थी।

# भारतीय लोक जीवन और संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत करता है भोजपुरी सिनेमा : डॉ. प्रेम कुमार




पटना(अपना नालंदा)। बिहार की राजधानी पटना के ऐतिहासिक बापू सभागार में 15 मार्च को आयोजित 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स ने भोजपुरी सिनेमा के सितारों और दर्शकों को एक मंच पर ला दिया। शाम छह बजे शुरू हुआ यह भव्य समारोह देर रात तक उत्साह और मनोरंजन से सराबोर रहा। लगभग पांच हजार दर्शकों की मौजूदगी में भोजपुरी कलाकारों के गीत, नृत्य और पुरस्कार वितरण के साथ कार्यक्रम ने यादगार रूप ले लिया। इस दौरान सुपर स्टार अरविंद अकेला 'कल्लू' को सर्वश्रेष्ठ अभिनेता, अंजना सिंह को सर्वश्रेष्ठ अभिनेत्री और रंजन सिन्हा को सर्वश्रेष्ठ पीआरओ के अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। (अवार्ड सूचि संलग्न)

इस समारोह में बिहार विधानसभा अध्यक्ष डॉ. प्रेम कुमार मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे, जबकि मंत्री संजय सिंह, इम्पा (IMPAA) के अध्यक्ष अभय सिन्हा समेत कई विशिष्ट अतिथि कार्यक्रम में शामिल हुए। अपने संबोधन में डॉ. प्रेम कुमार ने कहा कि भोजपुरी सिनेमा केवल मनोरंजन का माध्यम नहीं है, बल्कि यह भारतीय लोक जीवन और संस्कृति की झलक भी प्रस्तुत करता है। उन्होंने कलाकारों से समाज को सकारात्मक संदेश देने वाली फिल्मों के निर्माण की अपील की। वहीं मंत्री संजय सिंह ने कहा कि क्षेत्रीय सिनेमा भारतीय संस्कृति की आत्मा को जीवित रखने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है।

कार्यक्रम के उद्घाटन के बाद दिल्ली प्रेस की ओर से संपादक परेश नाथ ने अतिथियों और कलाकारों का स्वागत किया। मंच से भानु प्रकाश राणा ने दिल्ली प्रेस समूह की समृद्ध प्रकाशन परंपरा और पत्रकारिता में उसके योगदान की जानकारी दी। वहीं विवेक पांडेय ने उपस्थित अतिथियों का स्वागत किया और बृहस्पति कुमार पांडेय ने पुरस्कार चयन प्रक्रिया के बारे में बताते हुए कहा कि सभी पुरस्कार पारदर्शी और निष्पक्ष ज्यूरी प्रक्रिया के आधार पर तय किए गए हैं। इस समारोह में लगभग 80 विभिन्न श्रेणियों में कलाकारों और तकनीकी क्षेत्र से जुड़े प्रतिभाशाली लोगों को सम्मानित किया गया।

इम्पा के अध्यक्ष अभय सिन्हा ने भोजपुरी फिल्म उद्योग की बढ़ती संभावनाओं पर प्रकाश डालते हुए कहा कि आज भोजपुरी सिनेमा तकनीकी रूप से और मजबूत हो रहा है तथा इसके दर्शकों की संख्या लगातार बढ़ रही है। वहीं कार्यकारी प्रकाशक अनंत नाथ ने बताया कि डिजिटल माध्यमों की बढ़ती भूमिका को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष अवॉर्ड को तीन प्रमुख वर्गों में विभाजित किया गया—थिएटर में रिलीज होने वाली फिल्में, ओटीटी प्लेटफॉर्म पर रिलीज कंटेंट और यूट्यूब व टीवी प्लेटफॉर्म पर प्रसारित फिल्में।

रंगारंग कार्यक्रम में भोजपुरी सिनेमा के कई सितारों ने मंच पर अपनी शानदार प्रस्तुतियों से दर्शकों को झूमने पर मजबूर कर दिया। अनु ओझा, स्वास्तिका राय, आयान बाबू, माही खान और अमरीश सिंह जैसे कलाकारों ने अपने हिट गीतों पर जमकर प्रस्तुति दी। वहीं निशा उपाध्याय, मोनू अलबेला, खुशी कक्कड़, अनुपमा यादव और प्रियंका सिंह की सुरीली आवाज़ों ने इस शाम को और भी यादगार बना दिया। पारंपरिक भोजपुरी लोकगीत और लोकनृत्य ने कार्यक्रम को सांस्कृतिक रंगों से भर दिया।

समारोह में भोजपुरी फिल्म उद्योग के कई चर्चित कलाकारों और तकनीशियनों को उनके उत्कृष्ट योगदान के लिए सम्मानित किया गया। अवॉर्ड पाने वालों में मनु कृष्णा, संजीव बोहरपी, ओम झा और अरविंद अकेला 'कल्लू' सहित कई नाम शामिल रहे। दर्शकों की तालियों की गड़गड़ाहट और मंच पर कलाकारों की शानदार प्रस्तुतियों ने पूरे माहौल को उत्साह और उल्लास से भर दिया।

गौरतलब है कि भोजपुरी सिनेमा आज केवल भारत तक सीमित नहीं है, बल्कि नेपाल, मॉरीशस, फिजी, सूरीनाम, त्रिनिदाद, अमेरिका और खाड़ी देशों में बसे करोड़ों भोजपुरी भाषी लोगों के बीच भी बेहद लोकप्रिय हो चुका है। फिल्मों की तकनीकी गुणवत्ता, कहानी और प्रस्तुति में हो रहे नए प्रयोगों ने भोजपुरी फिल्म उद्योग को नई ऊंचाइयों तक पहुंचाया है।

उल्लेखनीय है कि सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स की शुरुआत वर्ष 2020 में भोजपुरी कलाकारों को प्रोत्साहन देने और क्षेत्रीय सिनेमा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से की गई थी। इसके बाद अयोध्या, बस्ती और लखनऊ में भी इसके सफल आयोजन किए जा चुके हैं।

पटना में आयोजित इस वर्ष का समारोह भव्यता, ऊर्जा और दर्शकों के उत्साह के कारण विशेष रहा, जिसने इस अवॉर्ड को राष्ट्रीय ही नहीं बल्कि अंतरराष्ट्रीय पहचान दिलाने की दिशा में एक और मजबूत कदम साबित किया।

# 'दुलहिनिया नाच नचावे' के लिए मनोज भावुक को बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्ड



पटना(अपना नालंदा)।बिहार के सिवान जिले के चर्चित गीतकार मनोज भावुक को 15 मार्च 2026, रविवार को पटना के बापू सभागार में आयोजित 7वें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवार्ड्स 2026 में बेस्ट लिरिसिस्ट अवॉर्ड से सम्मानित किया गया। यह सम्मान उन्हें फिल्म 'दुलहिनिया नाच नचावे' के गीतों के लिए दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार इम्पा प्रेजिडेंट अभय सिन्हा द्वारा प्रदान किया गया।

अवार्ड मिलने के बाद मनोज भावुक ने भावुक होकर कहा कि " भोजपुरी अवार्ड समारोह की सार्थकता तब है, जब हम उन लोगो को भी याद करें, जिन्होंने इसकी नीव डाली। हम सिर्फ अपना ही पीठ नहीं थपथपायें। कल हम भी पुराने होंगें। मज़ा तब है जब हमारे इस दुनिया में न रहने पर भी लोग हमारे लिए तालियां बजायें।"

मनोज ने कहा कि "मुझे फिल्मों से बतौर लिरिसिस्ट जोड़ने वाले संगीतकार रजनीश मिश्रा ही हैं। यह अवार्ड उन्हीं को समर्पित। साथ ही उन्होंने निर्माता निशांत उज्जवल का भी आभार व्यक्त किया।"

दरअसल, लिरिसिस्ट मनोज भावुक और म्यूज़िक डायरेक्टर रजनीश मिश्रा की जोड़ी जब भी साथ आई है, यादगार गीत सामने आए हैं। फिल्म 'मेहंदी लगा के रखना' का लोकप्रिय गीत "तोर बउरहवा रे माई", फिल्म 'मेहमान' का "मेरे राम" और फिल्म 'आपन कहाये वाला के बा' के गीत, ...इन सबने भोजपुरी संगीत को नई पहचान दी है।

भोजपुरी जगत में मनोज भावुक की पहचान एक शालीन कवि, ग़ज़लकार, संपादक, फिल्म लिरिसिस्ट और फिल्म इतिहासकार के रूप में है। वे आधुनिक भोजपुरी के उन चुनिंदा रचनाकारों में हैं जिन्होंने बौद्धिक गहराई और लोकप्रियता के बीच संतुलन बनाए रखा है। भोजपुरी सिनेमा की गहरी समझ के कारण उन्हें अक्सर "भोजपुरी सिनेमा का इनसाइक्लोपीडिया" कहा जाता है। उनकी शोधपरक पुस्तक 'भोजपुरी सिनेमा के संसार' में 2025 तक के भोजपुरी सिनेमा के इतिहास को समेटा गया है। इसके अलावा 'चलनी में पानी' और 'तस्वीर ज़िंदगी के' उनकी चर्चित पुस्तकें हैं।

# भोजपुरी सिनेमा में पीआर का परचम—रंजन सिन्हा को लगातार पाँचवीं बार 'बेस्ट पीआरओ अवॉर्ड'



पटना(अपना नालंदा)। भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में जनसंपर्क के क्षेत्र में उल्लेखनीय योगदान देने वाले पीआरओ राजीव रंजन कुमार उर्फ रंजन सिन्हा को एक बार फिर बड़ी उपलब्धि हासिल हुई है। उन्हें सरस सलिल भोजपुरी सिने अवॉर्ड्स में लगातार पाँचवीं बार 'बेस्ट पीआरओ अवॉर्ड' से सम्मानित किया गया। यह सम्मान पटना के बापू सभागार में आयोजित भव्य समारोह के दौरान दिया गया। इस उपलब्धि के साथ रंजन सिन्हा किसी भी अवॉर्ड शो में लगातार पाँच बार यह सम्मान पाने वाले पहले पीआरओ बन गए हैं।

अवार्ड मिलने पर रंजन सिन्हा ने खुशी जाहिर करते हुए कहा, "लगातार पाँचवीं बार यह सम्मान मिलना मेरे लिए बेहद गर्व और प्रेरणा की बात है। यह उपलब्धि केवल मेरी नहीं, बल्कि पूरी भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री की है। मैं अपने सभी कलाकारों, निर्माताओं, निर्देशकों, अपनी टीम और परिवार का आभारी हूँ, जिनके सहयोग और विश्वास ने मुझे हमेशा बेहतर करने के लिए प्रेरित किया। आगे भी मैं भोजपुरी सिनेमा के प्रचार-प्रसार और उसकी सकारात्मक छवि को देश-दुनिया तक पहुँचाने के लिए पूरी निष्ठा से काम करता रहूँगा।"

वैशाली जिले के राजा पाकर प्रखंड के बिरना लखन सेन गांव के मूल निवासी रंजन सिन्हा पिछले 21 वर्षों से भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री में जनसंपर्क की भूमिका निभा रहे हैं। इस दौरान उन्होंने इंडस्ट्री के कई बड़े सितारों — मनोज तिवारी, रवि किशन, पवन सिंह, खेसारी लाल यादव, दिनेश लाल यादव 'निरहुआ', चिंटू पांडेय, रितेश पांडेय, अरविंद अकेला कल्लू, अक्षरा सिंह और आम्रपाली दुबे सहित अनेक कलाकारों की फिल्मों के प्रचार-प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है। उन्होंने कई लोकप्रिय म्यूजिक एल्बम्स के प्रचार का भी सफलतापूर्वक संचालन किया है।

रंजन सिन्हा की सबसे बड़ी खासियत यह मानी जाती है कि वे हर फिल्म और कलाकार की ब्रांड वैल्यू को समझते हुए एक सटीक और प्रभावी पीआर रणनीति तैयार करते हैं। इसी वजह से उनकी बनाई प्रचार योजनाएँ फिल्मों को दर्शकों तक सही तरीके से पहुँचाने में मदद करती हैं और कई फिल्में व्यावसायिक रूप से सफल भी होती हैं।

भोजपुरी सिनेमा के अलावा रंजन सिन्हा ने बिहार सरकार के कला, संस्कृति एवं युवा विभाग के कई प्रमुख आयोजनों में भी अपनी पीआर सेवाएं दी हैं। इनमें प्रकाश पर्व, पटना फिल्म फेस्टिवल, गांधी पैनोरमा, बाबू वीर कुंवर सिंह विजयोत्सव और नेशनल बॉक्सकॉन कॉन्फ्रेंस जैसे बड़े आयोजन शामिल हैं। इसके अलावा वे देश के कई प्रमुख म्यूजिक चैनलों के लिए भी जनसंपर्क का काम कर चुके हैं। रंजन सिन्हा की इस उपलब्धि ने न केवल भोजपुरी फिल्म इंडस्ट्री को गौरवान्वित किया है, बल्कि बिहार की प्रतिभा को राष्ट्रीय स्तर पर नई पहचान भी दिलाई है। लगातार पाँचवीं बार मिला यह सम्मान उनके अनुभव, मेहनत और इंडस्ट्री के प्रति समर्पण का बड़ा प्रमाण माना जा रहा है।